आभूषण दुकान में चोरी की आरोपी तीन महिलाएं गिरफ्तार

ढीमरखेड़ा पुलिस ने किया खुलासा, भीड़ का फायदा उठाकर करती थीं वारदात, डेढ़ लाख के जेवर जब्त

कटनी, देशबन्धु। ढीमरखेड़ा पुलिस ने ज्वेलरी दुकान में भीड़ का फायदा उठाकर सोने के जेवर चोरी करने वाली तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए करीब 1 लाख 52 हजार रुपये कीमत के सोने के जेवर भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, ग्राम सिलौड़ी निवासी अमित प्रसाद सोनी ने 1 सितंबर को थाना ढीमरखेड़ा में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी ज्वेलरी दुकान पर ग्राहकों की भीड़ थी। इसी दौरान तीन महिलाएं दुकान पर पहुंचीं और जेवर देखने लगीं। भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं ने करीब 1.52 लाख रुपये कीमत के सोने के जेवर चोरी कर लिए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ अपराध क्रमांक 499/26, धारा 303(3), 5 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर सुमन उर्फ रोशनी (40), निवासी कुमड़ाखेड़ा थाना गोटेगांव, लक्ष्मी उर्फ नेहा (50), निवासी साकल रोड नरसिंहपुर और तरूणा उर्फ तनू (27), निवासी कुमड़ाखेड़ा थाना गोटेगांव को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में तीनों ने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए सोने के जेवर बरामद कर लिए। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक महिमा रघुवंशी के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में उपनिरीक्षक अनिल पांडे, प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा, आरक्षक धर्मवीर सिंह, रामसेवक विश्वकर्मा एवं महिला आरक्षक शिवानी पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

रामकृष्ण परमहंस वार्ड के निर्मल धाम एवं मंगल नगर क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर नागरिकों से किया सीधा संवाद

जनसमस्याओं के समाधान को लेकर महापौर ने किया मैदानी निरीक्षण

कटनी, देशबन्धु। नगर में जल निकासी एवं सुगम आवागमन से जुड़ी नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार को रामकृष्ण परमहंस वार्ड, निर्मल धाम सहित मंगल नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया। महापौर ने विभिन्न क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर मौके की स्थिति का जायजा लिया तथा नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं एवं परेशानियों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान नागरिकों द्वारा जल निकासी, मार्गों पर आवागमन एवं अन्य स्थानीय समस्याओं से महापौर को अवगत कराया गया। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ तत्काल वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो और व्यवस्था सुचारु बनी रहे। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा मौके की वास्तविक स्थिति के अनुसार आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित क्षेत्रों में व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी रखने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती शकुंतला सोनी सहित संबंधित उपयंत्री एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

सार-समाचार

श्री रामलला मंदिर बरही में कृष्ण जन्मोत्सव पर विशाल दंगल का होगा आयोजन

बरही, देशबन्धु। जिले की बरही नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री राम लला मंदिर प्रांगण में विशाल दंगल का आयोजन श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष में श्री राम लला मंदिर पब्लिक ट्रस्ट कमेटी की ओर से करवाया जाएगा। ट्रस्ट कमेटी के सचिव मुकेश श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परंपरा अनुसार श्रीराम मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को सायं 3 बजे से विशाल दंगल का आयोजन होगा। जिसमें दूर-दूर से नामी पहलवान कुश्ती में भाग लेते हैं। बरही क्षेत्र के पहलवान भी भारी मात्रा में अपनी आजमाइस व सहभागिता निभाते हैं। यह दंगल सैकड़ो वर्षों से होता चला आ रहा है। हमारे पूर्वज भी इसी अखाड़े की परंपरा को कायम रखते हुए हम लोगों को आगे इसी परंपरा को बनाए रखने की प्रेरणा देते रहे हैं। आज सैकड़ो वर्षों की परंपरा को बनाए रखने में सभी बरही नगर के साथ-साथ क्षेत्र का जन सहयोग मिलता चला आ रहा है। दंगल में हजारों हजार लोगों की भीड़ उमड़ती है। जिससे कमेटी के लोगों का उत्साह बना रहता है और आगे आयोजन करने की प्रेरणा मिलती हैं। साथ ही दंगल समाप्त होते ही रात्रि 8 बजे से कृष्ण जन्मोत्सव भी मंदिर परिसर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। बरही नगर व क्षेत्र के भक्तजनों से ट्रस्ट की ओर से अधिक से अधिक लोगों के पहुंचने की अपील की गई हैं।

समय-सीमा बैठक में अनुपस्थित रहने पर रीठी बीईओ और कृषि उपज मंडी सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी

कटनी, देशबन्धु। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा के लिए आयोजित होने वाली समय-सीमा बैठक में बिना अनुमति एवं पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने रीठी के विकासखंड शिक्षा अधिकारी इसहॉक मिंज और कृषि उपज मंडी कटनी के सचिव मनीष मंडावी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दोनों अधिकारियों से 7 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं, विभागीय कार्यों, सीएम हेल्पलाइन तथा टीएल में दर्ज पत्रों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की जाती है। ऐसे में संबंधित अधिकारियों की बैठक में नियमित उपस्थिति को उनके विभागीय दायित्वों का महत्वपूर्ण हिस्सा माना गया है। बीते सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दोनों अधिकारी बिना अनुमति एवं पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर श्री तिवारी ने उनकी अनुपस्थिति को निर्देशों की अवहेलना, पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता तथा शासन के कार्यों के प्रति लापरवाही माना है। जारी कारण बताओ नोटिस में कलेक्टर श्री तिवारी ने उल्लेख किया है कि दोनों अधिकारियों का उक्त कृत्य लोकसेवक पद के अपेक्षित आचरण के विपरीत है तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 का उल्लंघन है। अधिकारियों को नोटिस प्राप्त होने के 7 दिवस के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं होने पर उनके विरुद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

जिले में अब तक 730.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

कटनी, देशबन्धु। जिले में 1 जून से 2 सितम्बर तक कुल 730.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 933.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 1216.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 1038.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 656.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 880.1 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 470.1 मिलीमीटर, बरही तहसील में 574.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 726.4 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 674.4 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1038.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 818.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

खेलते-खेलते पलटा ई-रिक्शा मासूम बच्ची की दबने से मौत

विश्राम बाबा माधव नगर में हादसा, घटना से लोग हतप्रभ

कटनी, देशबन्धु। माधवनगर थाना क्षेत्र स्थित विश्राम बाबा निवासी सात साल की बच्ची के लिए ई-रिक्शा मौत का पैगाम बन गया। खेलते समय अचानक ई-रिक्शा पलट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची को अस्पताल ले जाया गया जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और सनसनी का माहौल निर्मित हो गया है। जानकारी के मुताबिक घटना माधवनगर थाना क्षेत्र के विश्राम बाबा इलाके की है, जहां घर के बाहर खड़े एक ई-रिक्शा में खेल रही बच्ची अचानक हुए हादसे का शिकार हो गई। ई-रिक्शा के पलटते ही बच्ची उसके नीचे दब गई। बताया जाता है कि घटना के बाद परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया. इस हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

रिक्शे के नीचे दब गई बच्ची

मृतक बच्ची की पहचान 7 साल की रियांश अहिरवार, पिता अरविंद अहिरवार के रूप में हुई है। रियांश घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा में बैठकर खेल रही थी। तभी ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलटा और बच्ची उसकी चपेट में आ गई। उसके सिर पर गंभीर चोट लगी। उसे जिला अस्पताल लेकर ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया।

सिर में चोट की वजह से मौत

घटना की सूचना मिलते ही माधवनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि खड़ा ई-रिक्शा आखिर किन परिस्थितियों में पलटा और हादसे की वजह क्या रही। वहीं जिला अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर अभिषेक चौधरी ने बताया कि बच्ची को अस्पताल मृत अवस्था में लाया गया था और सिर में चोट थी।

युवक के सिर में धंसी कैंची

रैक से सिलाई का सामान निकालते समय हुआ हादसा

कटनी, देशबन्धु। एनकेजे थाना अंतर्गत सिंघनपुरी सिलाई का काम करने वाले एक युवक के सिर में कैंची घुस गई। इसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने कैंची निकाल दी है, और गहन देखरेख में रखा गया है। पता चला है कि रैक से कैंची निकालने के लिए हाथ उठाते ही अचानक कैंची युवक के सिर में जा धंसी। घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई और परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। एनकेजे थाना क्षेत्र के सिंघनपुरी निवासी राकेश विश्वकर्मा (21) पिता सीताराम विश्वकर्मा घर पर सिलाई का काम कर रहा था। जिस स्थान पर वह काम कर रहा था, उसके ऊपर बने रैक में कैंची रखी हुई थी। उसे निकालने के प्रयास में अचानक यह दर्दनाक हादसा हो गया। घायल राकेश को उसका भाई रोहित विश्वकर्मा तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। समाचार लिखे जाने तक कैंची युवक के सिर में फंसी हुई थी और डॉक्टरों की टीम उसकी लगातार निगरानी करते हुए उपचार कर रही थी। फिलहाल युवक की हालत स्थिर बताई जा रही है।

अब 11 सितंबर को होगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का अगला शिविर

कटनी, देशबन्धु। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत शुक्रवार, 4 सितंबर को आयोजित होने वाला शिविर अब 11 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। जन्माष्टमी पर्व के कारण अभियान की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अभियान के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में प्रत्येक शुक्रवार को शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिलहरी क्लस्टर की 10 ग्राम पंचायतों के लिए ग्राम पंचायत भवन बिलहरी में शुक्रवार 11 सितंबर को शिविर आयोजित होगा। शिविर में बिलहरी, कुम्हरवारा, बरियारपुर, धनोरा, बिरुहली, निटर्रा, तिलगांव, पोड़ी, बांधा एवं इमलाज पंचायतों के नागरिक शामिल होकर अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। शिविर में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण के साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने की कार्यवाही की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को शिविर के दौरान अधिकतम प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जन-विश्वास अभियान के तहत अब तक चार सप्ताह के शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। 11 सितंबर के आयोजन के बाद अभियान पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक शुक्रवार को निरंतर संचालित होगा।

ढीमरखेड़ा के एनआरएलएम सहायक विकासखंड प्रबंधक सुधीर बिन्द की संविदा सेवा समाप्त

अतिरिक्त मिशन संचालक सह जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने की कार्रवाई

उमरियापान, देशबन्धु। मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की अतिरिक्त मिशन संचालक सह जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में पदस्थ सहायक विकासखंड प्रबंधक सुधीर कुमार बिंद के विरुद्ध संविदा सेवा समाप्त करने की सख्त कार्यवाही की है। अवगत होवें कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी आदेश में निहित प्रावधानों एवं प्रदत्त अधिकारों के अनुक्रम में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक के अनुमोदन पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर संविदा सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में सहायक विकासखंड प्रबंधक पद पर तैनात श्री बिंद द्वारा लगातार पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के साथ लचर कार्य प्रणाली से कार्य करना पाया गया। अनेक अवसर पर श्री बिन्द के कार्य क्षेत्र अंतर्गत गठित सामुदायिक संगठनों में वित्तीय विसंगतिया एवं लेखांकन त्रुटियाँ पर दृष्टव्य होने के विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई। कार्यकाल के दौरान विभिन्न अवसरों पर बिना किसी सूचना और सक्षम स्वीकृति के अनधिकृत रूप से अवकाश का उपभोग किया गया। दूरभाष पर संपर्क करने पर श्री बिन्द का फोन रिसीव नहीं करना भी पाया गया। विभागीय कार्यों के दौरान अनेक बार चेतावनी पत्र जारी करते हुए दंडात्मक रूप से मानदेय कटौती की कार्रवाई करने के बाद भी कार्य प्रणाली में सुधार परिलक्षित नहीं हुआ। विगत 3 वर्षों के वार्षिक प्रतिवेदन औसत एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक प्रतिवेदन पर दर्ज टीप औसत से कम के आधार पर श्री बिन्द को कार्य शैली सुधारने हेतु तीन माह का अवसर दिए जाने के साथ तीन माह में लक्ष्य के विरुद्ध अर्जित की गई प्रगति से अवगत कराने का लेख किया गया। कारण बताओ सूचना पत्र का प्रस्तुत प्रतिवेदन परीक्षण एवं परिशीलन करने पर असंतोष जनक पाया गया। उक्त कारणों से संविदा सेवा समाप्ति जैसी कड़ी कार्रवाई हुई।

जिले में 9 सितंबर से मनाया जाएगा 9वां राष्ट्रीय पोषण माह

कटनी, देशबन्धु। आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, देखभाल एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास से संबंधित सेवाओं को सुदृढ़ करने, समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा पोषण सेवाओं के प्रति सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही को बढ़ावा देने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के अंतर्गत 9 सितंबर से 9वां राष्ट्रीय पोषण माह-2026 आयोजित किया जाएगा। जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने महिला एवं बाल विकास को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

एम्बुलेंस रोड पर चाकू लहराने वाला पुलिस का मेहमान बना

रंगनाथ नगर पुलिस की सक्रियता से टली बड़ी वारदात

कटनी, देशबन्धु। रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एम्बुलेंस रोड पर धारदार चाकू लहराकर नागरिकों को डराने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार चाकू बरामद किया है। पुलिस के अनुसार कल 2 सितंबर को क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग एवं भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एम्बुलेंस रोड, ग्राउंड फॉरेस्टर वार्ड में एक युवक चाकू लहराकर राहगीरों को आतंकित कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी प्रियांशु सूर्यवंशी पिता हीरालाल सूर्यवंशी (20), निवासी बी-कैबिन के पास, फॉरेस्टर वार्ड को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी की कमर से लोहे का धारदार चाकू बरामद हुआ। चाकू रखने के संबंध में आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस जांच में उसका पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना रंगनाथ नगर में अपराध क्रमांक 373/2026 के तहत धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं उप पुलिस अधीक्षक शिवा पाठक के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी उप निरीक्षक सिद्धार्थ राय के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक प्रमोद सिंह, महेंद्र दुबे, पवन पाठक, अजय तिवारी तथा आरक्षक वीरेंद्र दहायत और माधव साहू की सराहनीय भूमिका रही।

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अन्तर्गत अयोध्या-काशी तीर्थयात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित

कटनी, देशबन्धु। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अन्तर्गत अयोध्या-काशी (वाराणसी) की तीर्थयात्रा हेतु इच्छुक तीर्थयात्री निर्धारित प्रारूप में 23 सितम्बर तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। यह यात्रा 22 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। यात्रा हेतु विशेष ट्रेन बालाघाट-मंडला-डिंडोरी-कटनी मार्ग से होते हुए अयोध्या-काशी जाएगी और इसी मार्ग से वापस लौटेगी। इस यात्रा के लिए जिले को कुल 196 सीटें आवंटित की गई हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने अयोध्या-काशी (वाराणसी) तीर्थयात्रा हेतु आमजन से आवेदन पत्र प्राप्त करने शहरी क्षेत्र से नगर निगम स्तर पर उपायुक्त, नगर पालिका व नगर परिषद स्तर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी और ग्रामीण एवं ब्लॉक स्तर पर संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।